आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 25.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्‌घाटन कियां
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार युवाओं को रोज़गार देने के लिए संकल्पित–बीते दो सालों में दो लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिलीं
- क्रिसमस पर प्रदेशभर में उल्लास का माहौल–गिरजाघरों में प्रार्थना सभाओं के साथ विशेष आयोजनं
- सर्दी ज़ोर पकड़ने के साथ ही प्रदेश में सैलानियों की आवक बढ़ीं

000

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 101वीं जयंती पर श्रद्धाभाव से याद कर रहा हैं

…………

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज देशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्र विकास में उनके योगदान को याद किया गयां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में सदैव अटल पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कीं बाद में प्रधानमंत्री ने लखनऊ में श्री वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्‌घाटन कियां तीस करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला यह परिसर एक स्थायी राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में बनाया गया हैं इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाना उनकी सरकार का उद्देश्य है और अब करोड़ों गरीब नागरिकों को इसका लाभ मिल रहा हैं

…………

सुशासन दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में रखा गया, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों और कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम सुशासन' के मंत्र को साकार करने के लिए सभी को निष्ठा और समर्पण से प्रयास करने चाहिएं प्रदेशभर में भी सुशासन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गयें जिला स्तरीय आयोजनों में मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गयां जालौर में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने अटल बिहारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील कीं इस मौके पर जिला पुस्तिका का विमोचन किया गयां सरहदी जिले बाड़मेर में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुएं आदिवासी बाहुल्य सलूंबर में हुए जिला स्तरीय आयोजन में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से जनता से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने का आह्‌वान कियां स्वर्ण नगरी जैसलमेर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन की शपथ दिलाईं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देशभर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाडी उभर रहे हैं आज वर्चुअल माध्यम से सांसद खेल महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस आयोजन का दायरा और प्रभाव, दोनों ही काफी बढ़ गए हैं उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव युवा विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में हार–जीत से परे खेल भावना के विकास में योगदान देते हैं उन्होंने कहा कि ये सक्षम और अनुशासित युवा ही राष्ट्र के निर्माण में सहयोग देते हैं

प्रदेशभर में भी विभिन्न स्थानों पर सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह रखे गयें कोटा में आयोजित समारोह से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला वर्चुअली माध्यम से शामिल हुएं इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए एक छत के नीचे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं

…………

कोटपूतली–बहरोड़ में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शामिल होकर युवाओं का उत्साह बढ़ायां झुंझुनूं में आयोजित समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक राजेन्द्र भांभू मौजूद रहें चित्तौड़गढ़ में आयोजित समारोह में पूर्व क्रिकेट कपिल देव ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ायां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इस क्षेत्र में डबल इंजन सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं मुख्यमंत्री आज जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार महोत्सव में बोल रहे थें इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीते दो सालों के दौरान युवाओं के विकास से संबंधित निर्णयों और योजनाओं के चलते सरकारी क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र में भी 2 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला हैं

............

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न कम्पनियों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दीं उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगी कंपनियों के स्टॉल्स का अवलोकन कियां कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और विधायक राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ शामिल हुएं

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि विद्यार्थियों का उपाधि प्राप्त करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, इसके साथ ही उनमें बौद्धिक क्षमता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का विकास भी उतना ही आवश्यक हैं राज्यपाल आज अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थें इस अवसर पर श्री बागड़े ने विभिन्न संकायों के 54 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधियां उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुलाधिपति पदक तथा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान कियें

000

अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना उर्स परवान पर हैं दरगाह ज़ियारत के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से अकीदतमंदों के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं हमारी संवाददाता ने बताया कि आज राज्यपाल की ओर से ख्वाजा साहब की मज़ार पर चादर पेश की गई

000

प्रभु यीशू का जन्मदिन आज क्रिसमस के रूप में मनाया जा रहा हैं इस मौके पर गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं और ईसा मसीह के उपदेश को पढ़कर सुनाया गयां जयपुर, अजमेर, सवाईमाधोपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में क्रिसमस पर ईसाई समुदाय के लोगों में विशेष उल्लास देखने को मिल रहा हैं यीशू के जन्म की झांकियां देखने बड़ी संख्या में ईसाई लोग गिरजाघर पहुंचे हैं और कैरल्स गाकर खुशियां व्यक्त कर रहे हैं राजधानी जयपुर के होटल्स, रेस्टोरेंट्स और शॉपिंग मॉल्स में क्रिसमस को लेकर विशेष आयोजन रखे गये हैं सांता क्लॉज की वेशभूषा में बच्चों को उपहार बांटे गये और रंग–बिरंगी झालरों के साथ क्रिसमस ट्री सजाकर खुशियां साझा की गईं हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि वहां जवाई क्षेत्र में आए विदेशी सैलानी भी क्रिसमस के उल्लास में शरीक होते दिखाई दियें

000

पश्चिमी विक्षोभ के असर के खत्म होने के साथ ही प्रदेशभर में सर्दी का प्रभाव बढ़ गया हैं उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठंड का असर तेज कर दिया हैं शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में सुबह के समय कोहरे के साथ ठंडी हवाओं ने लोगों के जनजीवन को प्रभावित किया हैं मौसम विभाग के अनुसार इस सीजन में सीकर में आज दूसरी बार न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस मापा गयां अलवर जिले में भी कड़ाके की सर्दी चलते आम दिनचर्या प्रभावित हुई हैं वहां खेतों में फसलों पर बर्फ जमने के साथ सूखी घास और लकड़ियों पर ओस जमी नजर आई मौसम केंद्र जयपुर ने अगले दो दिन चूरू, झुंझुनूं, सीकर और नागौर जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की हैं

000